# औचित्य प्रमाण पत्र

माननीय श्री भूपेश बघेल जी, मुख्यमंत्री छ0ग0 शासन द्वारा दिनांक 31.05.2019 को बीजापुर जिला आगमन पर भोपालपटनम हाईस्कुल मैदान में विशाल आमसभा का आयोजन किया गया था, उक्त आमसभा के दौरान मुख्यमंत्री महोदय द्वारा क्षेत्र वासियों को संबोधित करते हुए क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु भोपालपटनम ब्लाक मुख्यालय में कागज कारखाना स्थापित करने की घोषणा की गई। जिला बीजापुर औद्योगिक दृष्टि से पिछडा जिला होने के कारण घोषणा के अनुरूप कागज कारखाना स्थापित होने से जिले में औद्योगिक विकास को बढावा मिलेगा। बीजापुर जिला वन संपदा से परिपूर्ण जिला होने के कारण प्रस्तावित ईकाई हेतु प्राचूर मात्रा में कच्चा माल के रूप में औद्योगिक बांस 1099 (NT) विक्रय इकाई तथा व्यापारिक बांस 1399 (NT) विक्रय इकाई उपलब्ध है जिसका सदुपयोग होगा।

चूकि जिले में कुल 04 महाविद्यालय 04 व्यवसायिक संस्थान (आई.टी.आई. व पॉलीटेक्निक कॉलेज) विद्यमान है जिसमे 617 छात्र एवं 299 छात्राएं अध्ययनरत है व 31 मार्च 2021 की स्थिति में जिले में पजीकृत बेरोजगारो की संख्या कुल 9204 हैं, जो पात्रतानुसार रोजगार प्राप्त कर लाभान्वित हो सकेंगें। जिले से लगा हुआ सीमावर्ती राज्यों की ओर भी रोजगार की तलाश में पलायन की दशा पर अंकुश लगेगी एवं युवा नक्सल प्रभावित क्षेत्र में मुख्यधारा से जुड पायेंगें।

बीजापुर भोपालपटनम में इकाई का प्रस्तावित स्थल दक्षिण–पश्चिम में सीमावर्ती पडोसी राज्य तेलंगाना के विकसित शहर मनचेरियल, वरागंल तथा पश्चिम में महाराष्ट्र के शहर चन्द्रपुर से जुड़ा है। निकटतम पेपर मिल बल्लारशाह (महाराष्ट्र) एवं भद्राचलम, (तेलंगाना) में दूरस्थ होने से प्रतिस्पर्धा में कमी व व्यापक बाजार की संभावना उपलब्ध है। इस दृष्टि से भविष्य में परिवहन एवं आवागमन के साधनों का विस्तार होगा तथा पेपर मिल से संबंधित अन्य अनुषांगिक/सहायक उद्योग स्थापित हो पायेंगे और इस क्षेत्र में व्यापार को बढ़ावा मिलने के फलस्वरूप अनुसूचित क्षेत्र में एक बडी आबादी लाभान्वित होगी।

## मुख्य बिन्दू

- चयनित स्थल के अतिरिक्त इस उद्योग हेतु आवश्यक राजस्व भूमि जिले मे उपलब्ध नही है।
- नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से यह स्थल पूर्णत सुरक्षित है।
- प्रस्तावित उद्योग हेतु उपयोग होने वाला कच्चामाल (बांस) जिला में पार्याप्त मात्रा मे उपलब्ध है।
- प्रस्तावित स्थल 3 राज्यों से राष्ट्रीय राजमार्ग से जुडा हुआ है जिससे उत्पादित सामग्री के विपणन में सुविधा होगी
- जिले के बेरोजगारों का रोजगार प्राप्त होगा।
- अन्य सहायक उद्योगों की स्थापना हेतु बढावा मिलेगा।
- शिक्षित युवाओं का आद्यौगिक क्षेत्र में रूचि बढेगी एवं जिले में औद्यौगिक बदलाव लाया जा सकेगा।
- जिले के युवाओं का अन्य राज्यों की ओर पलायन में अंकुश लगाया जा सकेगा।

General Manager
District Trade and Industries Centre
Dist-Bijapur (C.G.)